# इंदौर जू में अब जंगल सफारी का डिजिटल रोमांच

नवभारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर का चिड़ियाघर एक बार फिर अपने नए और अनोखे आकर्षण को लेकर सुर्खियों में है. कई दिनों से चल रहा बहुप्रतीक्षित 14डी थिएटर अब पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है. महापौर और उनकी टीम ने चिड़ियाघर पहुंचकर थिएटर का अनुभव लियाऔर एनिमल फिल्म के जरिए 14डी तकनीक के रोमांच का अनुभव किया. इसके साथ ही थियेटर का ट्रायल हुआ जो सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ.**

थिएटर में फिल्म देखने के दौरान दर्शकों को विशेष चश्मा पहनना होगा. इसके बाद स्क्रीन पर दिखाई देने वाले जंगल और वन्यजीवों के दृश्य सामान्य फिल्म से बिल्कुल अलग नजर आएंगे. 14डी तकनीक दर्शकों को ऐसा अनुभव देने के लिए तैयार की गई है, मानो वे खुद जंगल सफारी का हिस्सा हों.

**दो-तीन महीने की देरी के बाद तैयार हुआ थिएटर**-14डी थिएटर अपने निर्धारित समय से करीब दो से तीन महीने की देरी से तैयार हुआ है. लेकिन अब थिएटर पूरी तरह तैयार है और ट्रायल भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है. महापौर, एमआईसी सदस्यों और अन्य लोगों ने थिएटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.





## मध्य प्रदेश का अपनी तरह का पहला थिएटर

यह थिएटर अपनी तरह का मध्य प्रदेश का पहला 14डी थिएटर बताया जा रहा है . ऐसे में इंदौर जू आने वाले पर्यटकों के लिए यह नया आकर्षण खासा रोमांचक होने वाला है . खासकर बच्चों के लिए वन्यजीवों की दुनिया को मनोरंजन और आधुनिक तकनीक के साथ समझने का यह नया अनुभव होगा . अब तक चिड़ियाघर में वास्तविक वन्यजीवों को देखने का रोमांच मिलता था, लेकिन 14डी थिएटर के जरिए दर्शक डिजिटल जंगल सफारी का अनुभव भी ले सकेंगे . मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव 16 अगस्त को इसका औपचारिक शुभारंभ करेंगे, जिसके बाद आम दर्शकों के लिए भी यह नया आकर्षण शुरू होने की उम्मीद है .

## बच्चों के लिए बनेगा डिजिटल एजुकेशन हब



अधिकारियों के मुताबिक यह थिएटर सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं होगा, बल्कि बच्चों के लिए डिजिटल एजुकेशन हब के रूप में भी काम करेगा। यहां बच्चों की रुचि के अनुरूप वन्यजीवों और प्रकृति से जुड़ी फिल्में दिखाई जाएंगी . डिजिटल तकनीक के माध्यम से बच्चे जंगल, वन्यजीव और जंगल सफारी को करीब से देखने और महसूस करने का अनुभव ले सकेंगे . डॉ . उत्तम यादव ने बताया कि 14डी थिएटर का उद्घाटन पहले 15 अगस्त को प्रस्तावित था, लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम और व्यवस्थाओं को देखते हुए अब इसका शुभारंभ 16 अगस्त को किया जाएगा

# भाजपा के दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ कांग्रेस का मार्च एवं धरना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार को शहर एवं जिला कांग्रेस ने भाजपा के दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ पैदल मार्च निकाला और अंबेडकर प्रतिमा पर धरना दिया. कांग्रेस ने सवाल किया है कि भाजपा आज भी दलितों को अछूत मानती है क्या? जो उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली के बाद मंच और उस स्थान को गंगाजल से धोकर पूजा पाठ की.**




शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में आज मधुमिलन चौराहे नेहरू प्रतिमा से अंबेडकर प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला और धरना दिया. कांग्रेस ने उक्त पैदल मार्च उत्तराखंड के हल्दानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रैली की थी. उसके बाद भाजपा द्वारा खड़गे के भाषण देने वाले मंच और स्थान का गंगाजल से धोकर पूजा पाठ कर शुद्धिकरण करने का कृत्य किया गया. उपरोक्त घटना के विरोध में आज कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा पर धरना दिया. नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया ने सवाल पूछा कि क्या आज भी देश में दलितों को भाजपा अछूत मानती है? देश में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी दलितों से माफी मांगे. धरना आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, प्रवक्ता राजेश चौकसे, कृपाशंकर शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रवेश यादव, पार्षद राजू भदौरिया,संजय बाकलीवाल, अनवर दस्तक, अफसर पटेल, रफीक खान, दौलत पटेल, जतिन थोरात, पप्पू मालवीय सहित महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.




# सयाजी होटल में सजा राखी एडिशन एग्जीबिशन

**इंदौर. राखी पर्व को ध्यान में रखते हुए इंदौर के सयाजी होटल में तीन दिवसीय 'राखी एडिशन' फैशन एवं लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। 14 से 16 अगस्त तक चलने वाले इस एग्जीबिशन में अलग-अलग शहरों से आए डिजाइनर्स और स्टॉल संचालकों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। एग्जीबिशन में कुल 68 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां महिलाओं के लिए आकर्षक सूट, साड़ियां, फैशन वियर, ज्वेलरी, एक्सेसरीज, गिफ्ट आइटम सहित विभिन्न लाइफस्टाइल उत्पाद उपलब्ध हैं.**

आयोजन का उद्देश्य राखी और त्योहारी सीजन में लोगों को एक ही स्थान पर खरीदारी के कई विकल्प उपलब्ध कराना है। एग्जीबिशन में पहले दिन से ही लोगों की अच्छी आवाजाही देखने को मिली। खरीदारी के साथ ही लोग अलग-अलग स्टॉल पर नई डिजाइन और कलेक्शन देखते नजर आए। खासकर महिलाओं और युवतियों में एग्जीबिशन को लेकर उत्साह देखने को मिला। एग्जीबिशन में सूट की स्टॉल लगाने वाली प्रिया ने बताया कि यहां उनकी अच्छी बिक्री हो रही है। उन्होंने कहा कि एग्जीबिशन का एनवायरमेंट काफी अच्छा है और लोगों की भी अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रिया के मुताबिक, यहां आने वाले लोगों का व्यवहार भी अच्छा है और उन्हें ग्राहकों का रिस्पॉन्स काफी पसंद आ रहा है.





# शहर में कई स्थानों पर यातायात जाम, जनता परेशान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शुक्रवार को शहर में सुबह से लेकर देर शाम तक कई स्थानों और सड़कों पर यातायात जाम लगा रहा. इसके कारण आम जनता परेशान होती रही और वाहन चालक दुखी होकर पुलिस एवं प्रशासन को कोसते नजर आए.**

आज शहर में सुबह से ही अलग अलग क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा और अन्य कार्यक्रमों के जुलूस से दिनभर यातायात जाम लगा रहा. शहर के राजबाड़ा, जवाहर मार्ग, पटेल ब्रिज, हरसिद्धि, यशवंत रोड़, महूनाका, गंगवाल बस स्टैंड, बड़ा गणपति, मारीमाता चौराहे, एमजी रोड़, श्रीकृष्ण टॉकीज से शास्त्री ब्रिज, पाटनीपुरा, मालवा मिल, नवलखा से शिवाजी वाटिका तक, एबी रोड पर विजय नगर चौराहा, सत्यसांई चौराहा, एलआईजी चौराहा, पलासिया, रीगल चौराहे, रेसकोर्स रोड़ जंजीरवाला चौराहे से इंडस्ट्री हाउस चौराहा, संजय सेतु, रिवर साइड रोड पर यातायात लगातार जाम होता रहा. इस दौरान यातायात पुलिस जवान कहीं नजर आए और कहीं गायब थे. यातायात पुलिस के जवान जहां मौजूद थे, वहां ट्रैफिक जाम ज्यादा देर तक नहीं रहा, लेकिन जहां ट्रैफिक पुलिस जवान गायब थे, वहां ट्रैफिक जाम खोलने वाला कोई नहीं था. कुछ आम जन ही यातायात सुगम करने में लगे दिखाई दिए.

# निगमायुक्त ने अटल सड़क का किया निरीक्षण

- मास्टर प्लान सड़क निर्माण जल्दी पूरा करने के दिए निर्देश
- 1 माह में सड़कों के क्या-क्या काम करेंगे? कार्ययोजना बनाने के आदेश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने शुक्रवार को नवनिर्मित अटल सड़क के साथ मास्टर प्लान की सड़कों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को एक माह में क्या-क्या निर्माण कार्य करेंगे? उसकी योजना बनाने के निर्देश दिए.**



आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोडने वाली सड़क अटल पथ का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण, अटलजी की प्रतिमा स्थापना स्थल तथा 55 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो के शुभारंभ समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इसके अलावा आयुक्त ने गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक तथा जमजम चौराहा से स्टार चौराहा तक निर्माणधीन मास्टर प्लान सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने व वर्षाकाल के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए. उन्होंने गुटकेश्वर मंदिर सड़क निर्माण में एक माह क्या-क्या काम करेंगे? इसकी कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पीएस कुशवाह, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल, उपयंत्री पराग अग्रवाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.










